बी. टी. सी. चतुर्थ सेमेस्टर-2018

पंचम् प्रश्न-पत्र

सामाजिक अध्ययन

समय : 2 घण्टे] [पूर्णांक : 50

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. लखनऊ में किस महिला नेत्री ने क्रान्तिकारियों का नेतृत्व किया ? 1
(अ) बेगम हजरतमहल (ब) रानी लक्ष्मीबाई
(स) रानी अवन्तीबाई (द) इनमें से कोई नहीं।

2. राजा कुँवर सिंह सम्बन्धित थे— 1
(अ) कानपुर से (ब) जगदीशपुर से
(स) रामपुर से (द) दिल्ली से।

3. स्वामी दयानन्द सरस्वती ने 'आर्य समाज' की स्थापना की थी— 1
(अ) 1870 ई. में (ब) 1872 ई. में
(स) 1875 ई. में (द) 1880 ई. में

4. 'सत्यार्थ प्रकाश' रचना है— 1
(अ) रामकृष्ण परमहंस की (ब) राजा राममोहन राय की
(स) स्वामी विवेकानन्द की (द) स्वामी दयानन्द सरस्वती की।

5. 'साइमन कमीशन' ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की— 1
(अ) 1922 ई. में (ब) 1924 ई. में
(स) 1928 ई. में (द) 1930 ई. में।

6. 'राष्ट्र मेरा धर्म है, जन सेवा मेरी पूजा' मिशन था— 1
(अ) विपिनचन्द्र पाल का (ब) गोपालकृष्ण गोखले का
(स) लाला लाजपत राय का (द) पं. जवाहरलाल नेहरू का।

7. 'देशबन्धु' कहे जाते थे— 1
(अ) चितरंजन दास (ब) मदनमोहन मालवीय
(स) सुभाषचन्द्र बोस (द) मोतीलाल नेहरू।

8. भारत के प्रथम उप-प्रधानमन्त्री थे— 1
(अ) बी.आर. अम्बेदकर (ब) सरदार वल्लभ भाई पटेल
(स) गोविन्द बल्लभ पन्त (द) सी. राजगोपालाचारी।

9. किसी स्थान पर लम्बे समय तक पाये जाने वाली मौसमी दशाओं को कहते हैं— 1

(अ) मौसम (ब) जलवायु
(स) ऋतु (द) मानसून।

10. 'सुनामी' घटना घटित हुई— 1

(अ) 1999 ई. में (ब) 2001 ई. में
(स) 2004 ई. में (द) 2005 ई. में।

11. 'बॉक्साइट' किस धातु का अयस्क है ? 1

(अ) सीसा का (ब) ताँबा का
(स) जस्ता का (द) एल्युमिनियम का।

12. 'कोलार की खानों' का सम्बन्ध किस धातु के उत्पादन से सम्बन्धित है ? 1

(अ) सोना (ब) कोयला
(स) लोहा (द) ताँबा।

13. सबसे अधिक चीनी मिलों की संख्या किस प्रदेश में है ? 1

(अ) उत्तर प्रदेश (ब) महाराष्ट्र
(स) कर्नाटक (द) बिहार।

14. संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रधान कार्यालय स्थित है— 1

(अ) नई दिल्ली में (ब) जेनेवा में
(स) न्यूयार्क में (द) रोम में।

15. 'हथकरघा' उद्योग है— https://www.upboardonline.com 1

(अ) कुटीर उद्योग (ब) रसायन उद्योग
(स) आधारभूत उद्योग (द) लघु उद्योग।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

16. 1857 ई. की क्रान्ति के क्या कारण थे ? 1

17. राष्ट्रीय आन्दोलन के प्रथम चरण के उदारवादी आन्दोलन के प्रमुख नेता कौन थे ? 1

18. गाँधीजी ने 11 फरवरी, 1920 को आन्दोलन क्यों स्थगित कर दिया ? 1

19. सविनय अवज्ञा आन्दोलन के प्रमुख कार्यक्रम क्या थे ? 1

20. जिन्ना ने गाँधी पर क्या आरोप लगाया था ? 1

21. लाजा लाजपत राय की मृत्यु किन कारणों से हुई थी ? 1

22. स्वतन्त्र भारत की प्रमुख उपलब्धियाँ क्या थीं ? 1

23. 'UNESCO' का पूरा नाम अंग्रेजी में लिखते हुए, उसका कार्य बताइए। 1

24. भारत के अन्तर्गत कौन-कौन से द्वीप समूह आते हैं ? 1

25. भारतीय जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक बताइए ? 1

26. प्राकृतिक आपदाएँ कौन-कौन सी होती हैं ? 1

27. चक्रवात को और किन-किन नामों से जाना जाता है ? 1

28. पराबैंगनी किरणों से होने वाली दो घातक बीमारियों के नाम बताइए। 1

29. उत्तर प्रदेश में मिट्टी का उपयोग किन कार्यों में होता है ? 1

30. रिहन्द बाँध परियोजना किस प्रदेश, किस जिला तथा किस नदी पर स्थित है ? 1

लघु उत्तरीय प्रश्न

31. 1857 ई. के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में स्वतन्त्रता प्राप्ति हेतु क्या प्रयास किये गये ? 2

32. धार्मिक तथा समाज सुधार आन्दोलन के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के विषय में लिखिए—

(क) ब्रह्म समाज, (ख) थियोसोफिकल सोसायटी, (ग) मुस्लिम धार्मिक आन्दोलन, (घ) प्रार्थना समाज।

33. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए— 2

1. बंगभंग, 2. चौरी-चौरा काण्ड, 3. बारदौली सत्याग्रह।

34. 'भारत छोड़ो' आन्दोलन के महत्व की विवेचना कीजिए। 2

35. उत्तर प्रदेश के प्रमुख उद्योग-धन्धों का वर्णन कीजिए। 2

36. उत्तर प्रदेश के सन्दर्भ में प्रमुख शक्ति के साधन बताइए। 2

37. उत्तर प्रदेश की आयात एवं निर्यात की जाने वाली वस्तुओं के कारण हमारी अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ता है ? 2

38. अपने प्रदेश के प्रमुख त्योहार एवं तीर्थ-स्थानों का वर्णन कीजिए। 2

39. देश में जनगणना कब से प्रारम्भ हुई ? जनगणना का महत्व बताइए। 2

40. निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए— 2

1. आतंकवाद एवं साम्प्रदायिकता, 2. पंचशील के सिद्धान्त।

●